# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया (म.प्र.)

## निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 1292 / दो–21–1 / 2009 उमरिया, दिनांक 23 / 06 / 2026

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया हेतु स्टेशनरी सामग्री का क्रय किये जाने के लिए प्रतिष्ठित / अधिकृत विक्रेताओ / निर्माताओं से शासकीय ऑनलाईन निविदा पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20.07.2026 को शायं 5.00 बजे तक है। निविदाएं दिनांक 21.07.2026 को सायं 5.00 बजे खोली जायेंगी। विस्तृत निविदा दस्तावेज और नियम एवं शर्तें उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट https://mphc.gov.in, जिला न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट https://umaria.dcourts.gov.in एवं https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
उमरिया (म.प्र.)

# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया (म.प्र.)

## निविदा दस्तावेज

**कार्य का नाम :–** कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया में स्टेशनरी सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में निविदा।

| | |
|---|---|
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 20/07/2026 at 5:00 P.M. |
| निविदा खुलने की तिथि व समय | 21/07/2026 at 5:00 P.M. |
| निविदा शुल्क (Tender Fee/cost) | Rs. 500/- |
| ई.एम.डी. राशि (Earnest Money) | Rs. 15000/- |

**नोट :** निविदा प्रपत्र हस्तांतरणीय नहीं है।

## प्रारूप–ए

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया में स्टेशनरी सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में निविदा दस्तावेज

| क्र | विवरण | संलग्न पृष्ठ संख्या भी अंकित करें। |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम, पता और टेलीफोन नंबर | |
| 2 | अधिकृत व्यक्ति का नाम, पता और टेलीफोन नंबर | |
| 3 | कृपया यह स्पष्ट करें कि निविदाकर्ता एकमात्र मालिक हैं या नहीं साझेदारी फर्म/निजी | |
| 4 | साझेदारों का नाम, पता और टेलीफोन नंबर | |
| 5 | आयकर विभाग द्वारा जारी पैनकार्ड की प्रति और अंतिम वित्तीय वर्ष का आयकर रिटर्न की प्रति। | |
| 6 | सेवाकर पंजीकरण संख्या Service Tax Registration (कृपया संलग्न करें) | |
| 7 | नवीनतम आयकर रिटर्न की प्रति। | |
| 8 | निविदा शुल्क/ई.एम.डी. राशि का विवरण दिनांक व ऑनलाईन प्रति (कृपया संलग्न करें) | |
| 9 | निविदाकर्ता के बैंक का नाम/खाता क्रमांक मय आई.एफ.एस.सी. कोड सहित (कृपया संलग्न करें) | |
| 10 | निविदाकर्ता का आधार कार्ड की छायाप्रति। | |

## निविदाकर्ता का घोषणा पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि मैने/हमने इस निविदा पर हस्ताक्षर करने से पहले निविदा दस्तावेज में निहित सभी नियम व शर्तें पढ़ ली हैं और पूरी तरह से समझ ली है और मैं/हम स्वयं इनका कड़ाई से पालन करने का वचन देते हैं। उक्त शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में मैं/हम ऐसी स्थिति से उत्पन्न होने वाले परिणामों के लिए उत्तरदायी होंगे।

दिनांक :

अधिकृत विक्रेता/निविदाकर्ता
के नाम व हस्ताक्षर
(संस्था के पंजीकृत सील/मुहर सहित)

## प्रारूप–बी

# निविदा की निर्धारित शर्तों के अधीन स्टेशनरी क्रय हेतु स्टेशनरी क्रय सामग्री की सूची

| क्र. | सामग्री का नाम व कंपनी/निर्माता | | वित्त वर्ष में अनुमानित खपत (नग/पैकेट) | राशि (समस्त कर सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 |
| 1 | फोटोकॉपी पेपर ए–4 साईज (75 GSM) | जे.के. कॉपियर | 1200 पैकेट | |
| 2 | जजमेंट पेपर ए–4 साईज (75 GSM) | जे.के. कॉपियर | 300 पैकेट | |
| 3 | फोटोकॉपी पेपर एफएस साईज (75 GSM) | जे.के. कॉपियर | 100 पैकेट | |
| 4 | फाईल कव्हर सुपीरियर क्वालिटी (जिसमें कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया बड़े अक्षरों में अंकित हो) | उच्च क्वॉलिटी | 500 नग | |
| 5 | लेस सुपीरियर 16 इंच | उच्च क्वॉलिटी | 500 लच्छी | |
| 6 | व्हाईटनर | ऑडी | 100 नग | |
| 7 | स्टेपलर पिन 10 नंबर | कंगारू | 200 पैकेट | |
| 8 | स्टेपलर पिंन 24/6 नंबर | कंगारू | 200 पैकेट | |
| 9 | साधारण पेंसिल | अप्सरा | 150 नग | |
| 10 | सूजा लकडी हेंडल मिडियम साईज | उच्च क्वॉलिटी | 50 नग | |
| 11 | रूल रजिस्टर दो दिस्ता 8*13 मोटा | उच्च क्वॉलिटी | 50 नग | |
| 12 | रूल रजिस्टर तीन दिस्ता 8.5*11.7 पतला | उच्च क्वॉलिटी | 50 नग | |
| 13 | गोंद मीडियम 350 एम.एल. | मोहिनी | 100 नग | |
| 14 | लिफाफा सफेद छोटे | उच्च क्वॉलिटी | 500 नग | |
| 15 | सेलो टेप छोटा 2 इंच | उच्च क्वॉलिटी | 100 नग | |
| 16 | सेलो टेप बड़ा 3 इंच | उच्च क्वॉलिटी | 50 नग | |
| 17 | सेलो टेप खाकी 2 इंच | उच्च क्वॉलिटी | 50 नग | |
| 18 | लाल पेन रिफिल | मोंटेक्स मेगा टॉप | 500 नग | |
| 19 | नीला पेन रिफिल | मोंटेक्स मेगा टॉप | 500 नग | |
| 20 | स्टेपलर बड़ा 45 नंबर | कंगारू | 10 नग | |
| 21 | स्टेपलर छोटा 10 नंबर | कंगारू | 15 नग | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **22** | पेपर पिन होल्डर | उच्च क्वॉलिटी | 25 नग | |
| **23** | फ्लैग स्टीकर चार कलर | ऑडी | 50 नग | |
| **24** | पेपर पिन | उच्च क्वॉलिटी | 300 पैकेट | |
| **25** | स्टेनो पेंसिल | अप्सरा | 150 नग | |
| **26** | मार्कर पेन टेम्परेरी मोटा नीला वाला | लक्सर / क्लासमेट | 50 नग | |
| **27** | सी.डी. मार्कर परमानेंट पेन नीला वाला | लक्सर / क्लासमेट | 10 नग | |
| **28** | पेन नीला | जेटर | 50 नग | |
| **29** | ईरेजर (रबर) | अप्सरा | 50 नग | |
| **30** | कैंची 12 इंच | उच्च क्वॉलिटी | 25 नग | |
| **31** | स्टाम्प इंक छोटी नीली | कैमलिन | 100 नग | |
| **32** | फिंगर स्टाम्प पैड काला | उच्च क्वॉलिटी | 05 नग | |
| **33** | फैविस्टीक 25 ग्राम | फैविस्टीक | 50 नग | |
| **34** | स्पाईलर डायरी | लक्सर / क्लासमेट | 25 नग | |
| **35** | कैलकुलेटर | ओरेवा | 15 नग | |
| **36** | ऑफिस पेन स्टैंड | ऐक्रेलिक | 05 नग | |
| **37** | टेबिल टॉप | ऐक्रेलिक | 05 नग | |
| **38** | सूतली (कॉटन) 5 एमएम | उच्च क्वॉलिटी | 10 के.जी | |
| **39** | सूतली (जूट) 5 एमएम | उच्च क्वॉलिटी | 10 के.जी | |
| **40** | हाईलाईटर (लाईट ऑरेंज व लाईट ग्रीन) | सेलो | 75 नग | |
| **41** | ब्राउन पेपर | उच्च क्वॉलिटी | 500 नग | |
| **42** | लिफाफा पीले छोटे | उच्च क्वॉलिटी | 500 नग | |
| **43** | लिफाफा पीले ए–4 साईज | उच्च क्वॉलिटी | 500 नग | |
| **44** | फाइल पैड | उच्च क्वॉलिटी | 200 नग | |

अधिकृत विक्रेता / निविदाकर्ता के

हस्ताक्षर :– .....

नाम :– .....

पता :– .....

.....

(संस्था के पंजीकृत सील / मुहर सहित)

# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया (म.प्र.)

## निविदा के नियम व शर्तें

1. उक्त निविदा मध्यप्रदेश शासन के अधिकृत पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया के नाम से दिनांक 20.07.2026 को सायं 5.00 बजे तक ऑनलाईन प्राप्त की जावेगी। उक्त निविदा दिनांक 21.07.2026 को सायं 5.00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष जिला न्यायालय में गठित क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी। ऑफलाईन निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

2. आदेशानुसार सामग्री न्यायालय तक पहुंचाए जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।

3. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया को यह अधिकार होगा कि ऑनलाईन निविदा खोलते समय यदि किसी सामग्री की दर अन्य निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दरों से अपेक्षाकृत कम हो तो ऐसी स्थिति में दरों के आधार पर एक से अधिक निविदाकारों से पृथक–पृथक अनुबंध किया जा सकता है एवं बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को निरस्त कर सकते हैं।

4. निविदा में प्रत्येक सामग्री किस कंपनी द्वारा निर्मित है, सामग्री का साईज नाम, तौल आदि निविदा में अंकित करना अनिवार्य है।

5. निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ताओं के हस्ताक्षर एवं सील होना आवश्यक है।

6. निविदा द्वारा दी गई सूची की सामग्री आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।

7. निविदा की कोई भी सामग्री चाही गई कंपनी की ना होने पर अथवा उससे निम्न स्तर की होने की दशा में ऐसी सभी सामग्री निविदाकार को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा कंपनी के अनुसार सामग्री अतिशीघ्र प्रदाय करनी होगी।

8. निविदा से संबंधित शर्त एवं प्रदाय किए जाने वाले सामान की सूची उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की आधिकारिक वेबसाईट https://mphc.gov.in, जिला न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट https://umaria.dcourts.gov.in एवं https://mptenders.gov.in से डाउनलोड की जाकर राशि 500/– रूपए ऑनलाईन फीस जमा कर दिनांक 20.07.2026 को सायं 5:00 बजे तक ऑनलाईन निविदा हेतु आवेदन किया जा सकेगा।

9. सामग्री का आदेश प्राप्त होने पर सामग्री निर्धारित अवधि में प्रदाय करनी होगी।

10. निविदा की दरे अनुबंध वित्त वर्ष 2026–27 हेतु अनुबंध दिनांक 31.03.2027 तक मान्य होगी एवं अनुबंध वापसी समझौते पर और विक्रेता के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन अनुमोदित दरों पर आगामी एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

अनुबंधित सामग्री एक वर्ष में एक साथ या पृथक–पृथक आवश्यकतानुसार समय समय पर क्रय की जावेगी।

11. निविदाकार, वाणिज्यकार/जीएसटी पंजीयन होने का जीवित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है, स्पष्ट करें।

12. सामग्री की सूची के अनुसार जिन सामग्रियों के निर्माता कंपनियों के नाम अंकित है, केवल उन्हीं कंपनियों की सामग्री की दर देवें। अन्यथा मान्य नहीं होगी।

13. निविदाकारों के सुरक्षा निधि के रूप में 15,000/– रूपए की ईएमडी राशि ऑनलाईन जमा करनी होगी।

14. निविदा खोलने के पश्चात फाइनेंशियल बिड में जिस भी निविदाकार की निविदा न्यूनतम होने पर चयन किया जायेगा, उस निविदाकार को 03 दिवस के अंदर समिति के समक्ष सभी सामग्री के ब्रान्डेड नाम ब्रान्डेड के नमूने स्वयं अथवा प्रतिनिधि उपस्थित होकर सामग्री के गुणवत्ता का परीक्षण करवायेंगे। उक्त निविदाकार की सामग्री की गुणवत्ता समिति के द्वारा अनुशंसित किये जाने के पश्चात ही निविदाकार को आदेश प्रदान किये जावेंगे।

15. समिति के द्वारा सामग्री के गुणवत्ता का परीक्षण किये जाने पर सामग्री बताये गये ब्रांड के अनुसार व गुणवत्ता पूर्ण नहीं होने पर निविदाकार की फाइनेंशियल बिड निरस्त कर दी जावेगी तथा उसके पश्चात दूसरे न्यूनतम निविदाकार को सूचित करते हुए, सामग्री के गुणवत्ता परीक्षण का अवसर प्रदान किया जावेगा।

16. यदि दूसरे न्यूनतम निविदाकार की भी सामग्री की गुणवत्ता उचित नहीं पायी जाती है, तो उक्त निविदाकार की फाइनेंशियल बिड निरस्त कर दी जावेगी और तीसरे न्यूनतम निविदाकार को सूचित करते हुए, सामग्री के गुणवत्ता परीक्षण का अवसर प्रदान किया जावेगा।

17. यदि तीसरे न्यूनतम निविदाकार की भी सामग्री की गुणवत्ता उचित नहीं पायी जाती है, तो उक्त निविदाकार की फाइनेंशियल बिड निरस्त कर दी जावेगी और इसके साथ ही उक्त निविदा की कार्यवाही समाप्त करते हुए, पुनः नवीन निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जावेगी।

18. किसी भी शर्त के भंग होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जावेगी।

19. शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

20. संपूर्ण सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जावे।

21. निविदाकारों द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी जाएगी, वह अनुबंध अवधि तक यथावत रहेगी। सामग्री की दर किसी भी कारण/स्थिति में अनुबंध अवधि तक बढ़ायी नहीं जावेगी।

22. निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु ग्रंथपाल, कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमरिया के मोबाईल नंबर 7999699321 पर संपर्क किया जा सकता है।

23. जिस भी निविदाकार के द्वारा बिड से संबंधित चाहे गए आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं किए जाएंगे, उन निविदाकारों की निविदा पर वित्तीय बिड के संबंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा। वित्तीय बिड के मूल्यांकन के समय कम से कम तीन निविदाकारों के द्वारा प्राप्त निविदा प्रस्तावों के मूल्यांकन पर ही विचार किया जावेगा।

24. लेखन सामग्री/स्टेशनरी सूची में दर्शायी गई मात्रा अनुमानित है, जिसमें कमी या वृद्धि हो सकती है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
उमरिया (म.प्र.)

अधिकृत विक्रेता/निविदाकर्ता के

हस्ताक्षर :– .....

नाम :– .....

पता :– .....

.....

(संस्था के पंजीकृत सील/मुहर सहित)